उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण, देहरादून

5 वाँ तल, राजीव गाँधी बहुउददेश्यीय कॉम्पलेक्स,
डिस्पेंसरी रोड़, देहरादून–248001

दूरभाषः– 0135-2710348 ई0मेलः ukrera2017@gmail.com

क्रमांकः–619 / रेरा–10 / 2017–18 देहरादून, दिनांक 29.11.2021

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण, देहरादून में न्याय निर्णायक अधिकारी (Adjudicating Officer) के पद पर नियुक्ति हेतु सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश रैंक के आवेदकों से आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते हैं। इस नियुक्ति की शर्तें निम्नवत् हैं:–

1. आवेदक की आयु दिनांक 01 दिसम्बर, 2021 को 62 वर्ष से अधिक न हो।
2. उत्तराखण्ड रेरा के न्याय निर्णायक अधिकारी (Adjudicating officer) के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्त अधिकारी को, उन्हें जिला न्यायाधीश के रूप में प्राप्त अन्तिम वेतन में से पेंशन (राशिकरण से पूर्व) घटाते हुए वेतन अथवा नियत समेकित वेतन (समेकित वेतन की धनराशि में राशिकरण से पूर्व पेंशन जोड़ते हुए प्राप्त धनराशि उनकी सेवानिवृत्ति से ठीक पूर्व प्राप्त वेतन से अधिक नहीं होगी) अनुमान्य होगा।
3. इस पद पर नियुक्त न्यायिक अधिकारी को यदि वाहन की सुविधा अनुमान्य है तो ऐसी स्थिति में दैनिक वाहन भत्ते की अनुमान्यता नहीं होगी।
4. उक्त नियुक्ति 3 वर्ष अथवा 65 वर्ष तक की आयु (जो भी पहले हो) के लिए की जायेगी, परन्तु कार्य तथा आचरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

आवेदक को आवेदन पत्र में अपने सम्बन्ध में व्यक्तिगत जानकारी यथा शैक्षणिक योग्यताएँ, न्यायिक सेवा का संक्षिप्त विवरण, स्वअभिप्रमाणित फोटो एवं न्यायिक सेवा के दौरान उनके विरुद्ध सम्प्रति कोई भी अनुशासनिक, सतर्कता अथवा किसी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही नहीं होने और लम्बित / विचाराधीन नहीं होने के सम्बन्ध में **अनुलग्नक–1** में संलग्न घोषणा पत्र में देना होगा। आवेदक को अपने आवेदन पत्र में अपना

ईमेल आई0डी0, पूर्ण पता (स्थायी एवं पत्राचार पता) तथा दूरभाष संख्या भी देना होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण की वेबसाइट www.uhuda.org के Rera Online Link से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा प्राधिकरण के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से किसी भी कार्य दिवस में प्रातःकाल 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक जमा किया जा सकेगा। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दिनांक 21.12.2021 को सांयकाल 5 बजे तक है तथा इसका अध्यक्ष, उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण को सम्बोधित करते हुए प्राधिकरण के कार्यालय में प्राप्त होना आवश्यक है। अपूर्ण, अहस्ताक्षरित अथवा देर से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी आवेदन पत्र पर बिना कारण बताए चयन/नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी समय निरस्त/स्थगित करने का अधिकार प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

29.11.21

(अध्यक्ष)
उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक
प्राधिकरण, देहरादून

उत्तराखण्ड भूसम्पदा नियामक प्राधिकरण देहरादून में न्याय निर्णायक अधिकारी (Adjudicating Officer) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

हस्ताक्षर युक्त नवीनतम फोटोग्राफ

1. आवेदक का नाम..

2. पिता का नाम..

3. जन्म तिथि..

4 आवेदक का पूर्ण स्थायी पता ....

....

5. पत्र व्यवहार का पता..

....

6. आवेदक का दूरभाष संख्या एवं ईमेल आईडी..

7. शैक्षणिक योग्यताः–

क्र0 सं0	परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण होने का वर्ष	श्रेणी	विषय	कॉलेज एवं वि0वि0 का नाम
1	2	3	4	5	6
1.	स्नातक				
2.	स्नातकोत्तर				
3.	विधि स्नातक				

4.	विधि स्नातकोत्तर				
5.	अन्य				

8. न्यायिक सेवा में नियुक्ति/योगदान की तिथि..............................

9. जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति की तिथि एवं कार्यावधि..............................

10. सेवानिवृत्ति की तिथि..............................

11. जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समकक्ष किसी पद पर यदि कार्य किया हो तो उसकी अवधि एवं पद का नाम..............................

12. अन्तिम वेतनमान एवं वेतन..............................

13. अन्य विवरण..............................

14. संलग्नकों का विवरण..............................

(i) शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र

(ii) अन्तिम पद धारण सम्बन्धी प्रमाण

(iii) अन्तिम वेतनमान सम्बन्धी प्रमाण

(iv) आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र (हाईस्कूल एवं अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र)

(v) घोषणा पत्र (अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न प्रारूप पर)

नोटः– वांछित समस्त प्रमाण पत्रों की प्रति आवेदक द्वारा स्वअभिप्रमाणित होनी अनिवार्य है।

अनुलग्नक–1

घोषणा

मैं .... पुत्र / पुत्री श्री... निम्नलिखित घोषणा करता / करती हूँ:–

(1) मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गयी समस्त सूचनाएँ एवं दस्तावेज मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

(2) मैं यह प्रमाणित करता / करती हूँ कि न्यायिक सेवा के दौरान मेरे विरुद्ध कभी कोई अनुशासनिक, सर्तकता अथवा किसी प्रकार की विभागीय अथवा दण्डात्मक कार्यवाही नहीं हुई है, और न ही लम्बित / सम्प्रति विचाराधीन है।

(3) मेरे द्वारा विज्ञप्ति में उल्लिखित शर्तों को भली भांति पढ़ लिया गया है तथा मैं उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण द्वारा न्याय निर्णायक अधिकारी (Adjudicating Officer) के पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित शर्तों पर नियुक्ति के लिए सहमत हूँ।

दिनांक.................................

स्थान...................................

आवेदक का नाम...

हस्ताक्षर ....